समाचार
निगम द्वारा भर्ती हेतु पात्र उम्मीद्वारों की अंतिम सूची जारी

कोरबा 30 अगस्त 2013 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र एवं अपात्र उम्मीद्वारों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है, उक्त सूची को निगम कार्यालय साकेत भवन के सूचना पटल पर देखा जा सकता है, साथ ही निगम की बेवसाईट ूणवतइंउनदपबपचंसण्पद पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम में ग्रंथपाल, स्वच्छता निरीक्षक, सर्वेयर एवं स्टेनो टायपिस्ट के रिक्त पदों हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण पश्चात उन्हें सूचीबद्ध कर एवं उक्त सूची को प्रकाशित कर 12 जुलाई 2013 तक दावा आपत्ति बुलाई गई थी। निर्धारित अवधि में प्राप्त दावा आपत्ति का निगम द्वारा निराकरण किया जाकर उम्मीद्वारों की पात्रता अनुसार अंतिम सूची जारी कर दी गई है, संबंधित आवेदक उक्त सूची का अवलोकन निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सूचना पटल पर कर सकते हैं, इसके साथ निगम के बेवसाईट ूणवतइंउनदपबपचंसण्पद में भी उक्त सूची को देखा जा सकता है।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)